भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 25.01.2023

आरेडिका में कवि सम्मेलन का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में राजभाषा क्रियान्वयन, प्रचार–प्रसार हेतु देशभक्ति कवि सम्मेलन का आयोजन दिनांक 24.01.2023 को सरस्वती प्रेक्षाग्रह, आरेडिका में आयोजित किया गया।

इस आयोजन के पूर्व प्रगति पत्रिका, प्रतिविम्ब पत्र, सुविचार पत्र, राजभाषा क्रियान्वयन हेतु सामग्री का विमोचन महाप्रबंधक महोदय के कर कमलों द्वारा किया गया।

इसमें सर्व श्री वाई. पी. सिंह, श्री डा0 विनय भदौरिया, श्री सुनील सरगम, श्री शिवतोष संघर्षी, सुश्री सानिया सिंह, श्री अमित अनपढ़ आदि कवियों ने अपने काव्य पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। रेल कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आनंद उठाया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक महोदय श्री शमशेर सिंह कलसी द्वारा की गई। जिसमें प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री एन. डी. राव, वरिष्ठ उप मुख्य महाप्रबंधक श्री एम. के. अग्रवाल, मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री एस. के. सैनी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण व कर्मचारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर राजभाषा अधिकारी श्री संजय निगम ने भव्य देशभक्ति कवि सम्मेलन के दौरान लोगों के द्वारा दिये गये सहयोग की सराहना करते हुए धन्यवाद प्रस्तुत किया।

25.01.2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी